हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

06 जिले के 1593 बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ...



08 खरीफ की मार के बाद किसानों को रबी से उम्मीद ...





## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों के भोजन के लिए दिए 11 हजार रुपए

**सोहागपुर।** सोहागपुर नगर के ज्वेलर्स संचालक बंधुओं रत्नेश सोनी, अधिवक्ता चंद्रेश सोनी एवं सौरभ सोनी ने जरूरतमंदों की नियमित भोजन व्यवस्था करने वाली एक संस्था को 11 हजार रुपए दान स्वरूप दिए हैं। सोनी बंधुओं ने अपने पिता जी सेठ स्वर्गीय भगवानदास सोनी की सातवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में राम रहीम रोटी बैंक को यह राशि दी है। यह राशि जरूरतमंदों, बेघरों व बेसहारा लोगों की भोजश व्यवस्था के लिये प्रदान की गई है। साथ ही सोनी बंधुओं ने पिता जी की पुण्यतिथि पर रोटी बैंक के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को भोजन भी कराया। तथा आगामी भोजन व्यवस्था के लिये संस्था को राशि दी। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रतिष्ठित सोनी परिवार के तीनों सोनी बंधु प्रतिवर्ष अपने पिता की पुण्य स्मृति में राम रहीम रोटी बैंक के माध्यम से बेघरों को भोजन कराते हैं एवं वार्षिक सहायता राशि भी प्रदान करते हैं।

### डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**सोहागपुर।** आज स्थानीय रेल्वे ग्राउंड पर डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता की जाएगी। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में सोहागपुर, सेमरी, पिपरिया, माखननगर क्षेत्रों की टीमें शामिल होंगी। आयोजन से जुड़े रामप्रसाद वार्ड पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में सोहागपुर नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल उपस्थिति रहेंगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहेंगी। विशिष्ट अतिथि रूप में नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, पार्षद शकुन बाई सराठे उपस्थित रहेंगे। आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,111 रुपये एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 5,555 रुपये एवं शील्ड तथा अन्य पुरस्कार भी दिये जाऐंगे।

### स्थानीय कलाकारों को मंच देने सजा है मंच

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा प्रति रविवार सुरों की शाम निरंतर 21 वें सप्ताह से सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम जारी है। इस रविवार शाम को भी नेहरू पार्क में सुरों की महफिल गीत संगीत के माध्यम से सजी। यह संगीत कार्यक्रम स्थानीय संगीत की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए शुरू किया गया था। सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में 30 से अधिक संगीत के स्थानीय कलाकार इस मंच के माध्यम से अपनी संगीत कला का जलवा बिखेर रहे है। कार्यक्रम की शुरुआत नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल व मनीष परदेशी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर की गई। सुरीला नर्मदापुरम में किशोर कुमार ,मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, कुमार शानू सहित अन्य संगीतकारों की आवाज में पुराने व नए गीत गुनगुनाएं गए।

### एक दिन की बारिश ने घरों में भर दिया पानी, नहीं हो रही सफाई

# वर्षों से नाली की समस्या से जूझ रहे रहवासी, जिम्मेदार बने हैं अनभिज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय में तीन सरकारें अपना प्रतिनिधत्व कर नर्मदापुरम के विकास की दुहाई पीटी जा रही है। इसके बावजूद भी लोग आवश्यक सुविधाओं से वंचित हैं।

दरअसल नगर के मालाखेड़ी के वार्ड क्र.11 स्थित आजाद चौक की सीवर व्यवस्था फेल होने के कारण लोग परेशान हैं। प्रदूषण की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसकी शिकायत नागरिकों ने नगर पालिका में अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। तो वहीं परेशान लोगों को सीएम हेल्पलाईन का सहारा भी लेना पड़ा है। इसके बावजूद भी नगर पालिका के जिम्मेदारों की कानों में जूं तक नहीं रैंग रही है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र जनहित नागरिकों को प्रदूषण की व्यवस्था बनाने की मांग की है।

शहर के मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित आजाद चौक पर नाली की समस्या से नागरिक परेशान हैं। नागरिकों ने समस्या समाधान की शिकायत की।



### आजाद चौक पर नहीं है नाली

नागरिकों ने बताया कि वर्षों से हमारे वार्ड में नाली नहीं है। जबकि यह मुख्य हाइवे का रास्ता है। साथ ही पास में लगी घनी आबादी है जिसका गंदा पानी एवं निस्तारी के लिए नाली होना बेहद आवश्यक है। परंतु कई बार शिकायतों के बाद भी नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। इसके पहले वर्षों पुरानी नाली एक छोटी नाली थी जो मुख्य सड़क की ऊंचाई बढ़ने के कारण नीचे दब गई अब सड़क और घरों का निस्तारी पानी निकलने के लिए जगह नहीं बची है।

### बनी रही है परेशानी



वार्ड के निवासी एवं शिकायतकर्ता शब्बीर खान ने बताया कि मैं यहां वर्षों से पेटी बनाने का कार्य कर रहा हूं लेकिन हमेशा से नाली की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। अभी एक दिन की बारिश से नाली जाम हो गई है और गंदा पानी दुकानों और घरों में आ गया है। नपा प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है। हमने कई बार शिकायत भी कर चुके हैं।

### नपाकर्मी नहीं करते सफाई



वार्ड के निवासी एवं शिकायतकर्ता गोलू सराठे ने बताया कि मैंने सीएम हेल्पलाईन पर नाली सफाई की शिकायत की है। लेकिन हर बार की तरह सफाई कर्मचारी नाली की सफाई के नाम पर दिखावा करके चले जाएंगे। यहां नाली की सफाई नहीं होती है हम लगातार परेशान हैं और कई बार शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन शिकायत का समाधान नहीं मिल पा रहा है जिससे हम लोग बहुत परेशान हैं।

### घरों में भराता है गंदा पानी



वार्ड के निवासी एवं शिकायतकर्ता शमीम खान का कहना है कि नाली हमेशा ओव्हरफ्लो रहती है तथा सफाई नहीं होती। अभी एक दिन थोड़ी सी बारिश नाली को ओव्हर फ्लो कर दिया है। जिससे घरों में पानी भरा गया है। इससे रहना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका को कई बार पहले भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन हल नहीं मिला।

### क्यों होती है समस्या



स्थानीय निवासियों ने बताया कि वर्षो पुरानी नाली जो कि अब गायब हो चुकी है उस पर लोगों ने पक्के निर्माण कर लिए हैं। जिससे नाली कहीं गायब हो गई है। दूसरी ओर पक्के अतिक्रमण को हटाने के लिए भी नपा द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे नाली हमेशा चौक पड़ी रहती है और बारिश तथा अन्य दिनों में ओव्हर फ्लो हो जाती है। इसकी वजह से गंदा और बदबूदार पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। स्थानीय रहवासियों ने बताया है कि कई बार तो यह स्थिति बनती है कि हम लोग खाना खाने बैठते हैं और हमारे घर में पानी भरा रहा होता है। नागरिकों ने बताया कि पिछले इस क्षेत्र का यह मुख्य मार्ग है जहां पर फैली गंदगी नपा द्वारा बरते जा रहे रवैयों को दर्शाती है।

### कुछ दुकानों में होता है गाड़ियां धोने का काम

शिकायत में बताया गया है कि आसपासा के कुछ लोगों ने कार वॉशिंग सेंटर बना रखे हैं। जो नालियों पर पक्के अतिक्रमण कर बनाने गये हैं। इन दुकानों पर हमेशा बड़े-बड़े डंपर, जेसीबी, ट्रेक्टर आदि वाहन धोए जाते हैं इनकी मिट्टी और कीचड़ भी नाली को जाम कर देती है। साथ ही इन दुकानदारों द्वारा मिट्टी नहीं हटाई जाती है जिससे अब समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। और थोड़ी सी बारिश में ही नाली ओव्हर फ्लो होकर घरों में पानी आ रहा है।

### समाधान का करूंगा प्रयास

इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। आप सहायक अंबक पाराशर को समस्या से अवगत कराया गया जिसका मोबाईल नं. दे रही हूं।

**नीतू महेन्द यादव, नपाध्यक्ष**

नाली की समस्या की जानकारी से मैं अनभिज्ञ हूं। आप समस्या और शिकायत मुझे व्हाट्सप कर दें ताकि मैं देख सकूं।

**अंबक पाराशर, इंजीनियर, नगर पालिका**

इस संबंध में मुझे जानकारी मिली है। मै शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने का प्रयास करूंगा।

**सद्दाम, वार्ड पार्षद नपा नर्मदापुरम**

# क्षेत्र की एकमात्र डॉग टीना ने एसटीआर को किया अलविदा

### बीमारी से जूझ रही एसटीआर के डॉग का निधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की एकमात्र डॉग टीना अब जंगल में नजर नहीं आएगी। रविवार को डॉग टीना ने जबलपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 17 अक्टूबर से टीना बुखार और हीमोग्लोबिन की कमी से जूझ रही थी। उसे उपचार के लिए इटारसी के अलावा नर्मदापुरम, भोपाल और जबलपुर ले जाया गया। लेकिन वह रिकवर नहीं हुई।

डॉग टीना के निधन से एसटीआर के अधिकारी और डॉग हैंडलर दुखी है। जून 2023 में चूरना में बाघ का शिकार कर गर्दन काटकर ले जाने वाले केस को सुलझाने में टीना की अहम भूमिका रही थी। टीना सूंघते हुए शिकारी के घर पहुंच गई थी। डेढ़ महीने पहले 10 सितंबर को ही डॉग का जन्मदिन मनाया गया था। टीना ने वन्य प्राणियों के शिकार के 60 केस में 47 शिकारियों को पकड़ने में मदद की थी। सोमवार को जबलपुर में डॉग टीना का पोस्टमार्टम के बाद सम्मान के साथ जलाया जाएगा।

डॉग टीना का जन्म 10 सितंबर 2017 को हुआ था। 1 अप्रैल 2018 से दिसंबर 2018 तक, उसे 9 महीने का प्रशिक्षण राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर, ग्वालियर में दिया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से हैंडलर अनूलाल भोवसरे (स्थाई कर्मी) और सुरक्षा श्रमिक राज नारायण भल्लवी को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। टीना को बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्य प्राणियों के अवशेषों से ट्रेनिंग दी गई।

सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के बाद, टीना को हैंडलर सहित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम मटकुली मुख्यालय पर रखा गया। 2 जनवरी 2019 को, वरिष्ठ कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, उसे क्षेत्रीय टाइगर स्ट्राइक फोर्स नर्मदापुरम में वन्य प्राणी सुरक्षा के लिए स्थानांतरित किया गया, जहाँ पदम सिंह राजपूत और सेवाराम उईके को डॉग हैंडलर बनाया गया।

21 अक्टूबर 2020 को वह स्ट्राइक फोर्स नर्मदापुरम में पदस्थापित रही और उसी दिन, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार, उसे दोबारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में भेजा गया। 10 सितंबर 2025 को डॉग हैंडलर पदम सिंह राजपूत और सेवाराम उईके ने उसका जन्मदिन मनाया। अगले वर्ष टीना का रिटायरमेंट है।

### छठ महापर्व पर यात्रियों के लिए ट्रेनों के फेरे बढ़े

रेलवे प्रशासन ने छठ महापर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-दानापुर द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 01667/01668) की संचालन अवधि बढ़ा दी है। अब यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तीन-तीन अतिरिक्त फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल की संचालन अवधि 1 नवंबर 2025 से बढ़ाकर 11 नवंबर 2025 तक की गई है, जबकि गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल 2 नवंबर 2025 से 12 नवंबर 2025 तक चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 2:25 बजे प्रस्थान करेगी। यह नर्मदापुरम 3:25 बजे, इटारसी 3:55 बजे, पीपरिया 5:10 बजे, गाडरवारा 5:45 बजे, नरसिंहपुर 6:25 बजे, जबलपुर रात 7:25 बजे, सिहोरा रोड 8:10 बजे, कटनी 9:20 बजे, मैहर 10:10 बजे और सतना 10:45 बजे पहुंचेगी।

# गड्ढों युक्त तवा पुल पर 'मवेशी राज', आसान नहीं आवाजाही



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे मार्ग पर मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा सड़क मार्ग का तवा पुल स्थित है। सैकड़ों गड्ढों वाले पुल पर बारह महीने मवेशी राज रहता है। गड्ढों व मवेशियों से बचते हुए वाहन निकालना चालकों के लिए मुश्किलों भरा साबित होता है। नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर स्थित पुल की बदहाली जिला प्रशासन की नाकामी का सबूत है।

# धान कट रही मजदूर के हंसिये में फंसा 12 फीट लंबा अजगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार शाम ब्लॉक सोहागपुर के ग्राम भजियाढाना में कुछ महिला मजदूर धान कट रही थीं। तभी एक महिला मजदूर के हंसिये में अजगर फंस गया। सामने काफी लंबा अजगर देखकर सभी मजदूर घबरा गईं और उन्होंने इसकी सूचना खेत मालिक सोमेश रघुवंशी को दी। सोमेश रघुवंशी ने तत्काल अपने खेत में अजगर सर्प होने की सूचना सर्पमित्र राहुल कुशवाहा निवासी सोहागपुर को दी। राहुल मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने महिला मजदूरों द्वारा बताए गए स्थान से अजगर सर्प को पकड़ा। राहुल ने चर्चा में हरिभूमि संवाददाता को बताया कि सर्प



महिला मजदूर के हंसिये में आकर फंस गया था, लेकिन उसे कोई चोट नहीं आई तथा वह पूरी तरह सुरक्षित है। राहुल कुशवाहा ने बताया कि लगभग 12 फीट लंबे अजगर को पड़कर उन्होंने आबादी से काफी दूर घने जंगल में छोड़ दिया है।

# ग्राम सोमलवाड़ाखुर्द एवं चादौन में सुपर सीडर व मल्चर मशीन का हुआ प्रदर्शन, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में जिले में किसानों को नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूक करने का अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में विकासखंड केसला के ग्राम सोमलवाड़ाखुर्द एवं चादौन में सुपर सीडर एवं मल्चर मशीन का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी श्री नीलेश शर्मा, तहसीलदार इटारसी श्रीमती सुनीता साहनी, सहायक कृषि यंत्री श्री सी.एस. बरकड़े, उपयंत्री श्री शोभित ठवरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सुनील उइके, तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती भाग्यश्री चौधरी उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्राम सोमलवाड़ाखुर्द और चादौन के अनेक कृषक — श्री आलोक वर्मा, उमाशंकर वर्मा, रमाशंकर वर्मा, अनिल चौधरी, रामकुमार महतो, राहुल महतो सहित अन्य किसान भी उपस्थित हुए।



किसानों को खेत में कम्बाइन हार्वेस्टर से धान कटाई के बाद मल्चर मशीन एवं उसके बाद सुपर सीडर मशीन के उपयोग का प्रदर्शन दिखाया गया। इन मशीनों से खेत की नरवाई जलाए बिना मिट्टी में मिला दी जाती है, जिससे अगली फसल की बुवाई सीधे की जा सकती है और मृदा की उर्वरता बनी रहती है। प्रदर्शन के दौरान किसानों को बेलर मशीन के उपयोग की जानकारी भी दी गई।

# सभी जीवन में एक बार अवश्य कराएं रक्तदान, होतें हैं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो न केवल किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है, बल्कि रक्तदाता को भी कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। रक्तदान करने से आपके शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है, आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

### स्वास्थ्य लाभ

रक्तदान से आपके शरीर में नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। रक्तदान आपके रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। रक्तदान से आपके शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। रक्तदान आपके हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

### सामाजिक लाभ

रक्तदान से आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। रक्तदान समाज में एक अच्छा संदेश देता है। रक्तदान से आप समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।

### आत्मिक लाभ

रक्तदान से आप आत्म-संतुष्टि महसूस करते हैं। रक्तदान आपको एक अच्छा इंसान बनने में मदद करता है। रक्तदान से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।

### सावधानियां

रक्तदान करने से पहले अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएं और रक्तदान केंद्र के नियमों का पालन करें। रक्तदाता वास्तव में ईश्वर के अवतार के समान होता है।

### आज से 30 अक्टूबर तक खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**नर्मदापुरम।** युवाओं को खेल एवं फिटनेस के प्रति प्रोत्साहित करने और खिलाडियों के लिए प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयोजन से त्रिस्तीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया जा चुका है। जिला मुख्यालय के गुप्ता ग्राउंड नर्मदापुरम एव एस.एन.जी. स्टेडियम, नर्मदापुरम में 27 से 30 अक्टूबर तक विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। खेल महोत्सव 2025 के सुचारु एंव सफल आयोजन के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को खेल मैदान, खेल सामग्री, आदि संसाधनों की व्यवस्था एवं उनकी सुरक्षा हेतु कर्मचारी की डयूटी संबंधित नगरपालिका द्वारा किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## नर्मदांचल में दो दिन में हुई बारिश ने किसानों को किया चिंतित

# दो दिनों में बरसी आफत, खड़ी फसले हुईं आड़ी, कटी फसल के भीगने से किसानों को हो सकता है नुकसान, 29 तक हो सकती है बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में शनिवार रात से शुरू हुई बूंदाबांदी रविवार शाम करीब 4 बजे थमी। करीब 19 घंटे तक हल्की बारिश होती रही। लगातार हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई।मौसम विभाग के अनुसार, दिन के तापमान में 6 डिग्री और रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम वैज्ञानिक एच.एस. पांडे ने बताया कि अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी से बने सिस्टम के प्रभाव से प्रदेशभर के मौसम में बदलाव आया है।उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से नर्मदापुरम जिले में 29 अक्टूबर तक बादल और हल्की बारिश की स्थिति बनी रह सकती है।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी से बने सिस्टम के प्रभाव से प्रदेशभर के मौसम में बदलाव आया है।उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से नर्मदापुरम जिले में 29 अक्टूबर तक बादल और हल्की बारिश की स्थिति बनी रह सकती है।

### बारिश ने बिगाड़ी धान फसल की स्थिति, चिंतित किसान



**सोहागपुर।** गत दिनों से नर्मदापुरम जिला क्षेत्र के कई कस्बों में बारिश हो रही है। जिसके चलते धान फसल की स्थिति खराब हो चली है। और किसान तय घाटे की स्थिति के चलते चिंतित हैं। सोहागपुर क्षेत्र के किसानों ने बताया कि इस वर्ष बारिश का मौसम लंबा खिंच गया। जिसके चलते पहले से ही धान की स्थिति ठीक नहीं है। ऊपर से दीपावली के बाद उस स्थिति में बारिश हो रही है, जब फसल पूरी तरह पकने की कगार पर है। फसल पकने के दौरान खेत सूखा होना जरूरी है, ताकि कटाई में कोई असुविधा ना हो। किसानों की मांग है कि आड़ी व बेमौसमी बारिश से गीली हुई फसल का प्रशासन सर्वे कराए। तथा राजस्व विभाग के नियमों के अनुसार नुकसान पर मुआवजे की राह प्रशस्त करे। ताकि किसानों को हुए नुकसानी के जख्मों पर कुछ मलहम लग सके।

### पड़ी दोहरी मार

क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि फिलहाल होती बारिश ने दोहरी मार तय कर दी है। क्योंकि एक तो फसल अच्छे से नहीं सूख रही है। वहीं दूसरी ओर फसल आड़ी भी है। ऊपर से खेत गीले हो गए हैं। गीली फसल, गीले खेत तथा आड़े पौधे किसानों का नुकसान तय कर चुके हैं। किसानों ने बताया कि सितंबर में हुई बारिश ने नुकसान तय कर दिया था। लेकिन अक्टूबर माह के दूसरे पखवाड़े में अब होती बारिश ने नुकसान प्रतिशत को बढ़ा दिया है।

**खबर संक्षेप**

### शिक्षकों की नाराजगी के चलते लिपिक कार्यमुक्त

**बैतूल।** शिक्षक संगठनों ने विगत दिनों ढोंडवाड़ा स्कूल में पदस्थ लिपिक प्रदीप पौनड़िक पर कार्य में नियमों की अनदेखी का लगातार आरोप लगाया था। संगठन का आरोप था कि श्री पौनड़िक का विवादों से गहरा रहा है और शिक्षकों के कार्यो में भारी नियमों को दरकिनार कर लापरवाही की जाती रही है। जिसकी विगत दिनों शिक्षक संगठनों ने जनप्रतिनिधियों व उच्च अधिकारियों को मय प्रमाण सहित अनियमितता की शिकायत की थी। शिकायत की जांच सही पाए जाने पर प्रशासन ने गंभीरता से अन्यत्र ब्लाक मे पौनड़िक का स्थानांतरण कर दिया था। परन्तु इनके द्वारा न्यायालय में अपील दायर कर स्थानांतरण रोकने के लिए याचिका लगाई थी। जिसके परिपेक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल कुशवाह ने अपने आदेश में कहा है कि ढोंडवाड़ा स्कूल में पदस्थ लिपिक प्रदीप पौनड़िक को स्थानांतरित संस्था खेड़ी कोर्ट के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। जिस पर याचिका के निर्णय के अनुसार प्रशासन ने सुनवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से श्री पौनड़िक के स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए हैं। जिससे शिक्षक संगठनों में हर्ष व्याप्त है। आम अध्यापक शिक्षक संगठन के जिला प्रवक्ता प्रभाकर पवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह न्याय की लड़ाई की जीत है जिससे शिक्षको ने राहत की सांस ली है।

### दीपावली मिलन में उज्जैन अधिवेशन को लेकर हुआ मंथन



**बैतूल।** भार्गव समाज बैतूल का दीपावली मिलन समारोह गत दिवस जितिन-प्राची भार्गव के सिविल लाइन्स, बैतूल स्थित निवास पर संपन्न हुआ। मिलन समारोह में अखिल भारतीय भार्गव सभा के उज्जैन में दिसम्बर माह में होने वाले वार्षिक अधिवेशन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज के अध्यक्ष दीपक भार्गव ने जानकारी दी कि उज्जैन में समाज का वार्षिक अधिवेशन 20-21 एवं 22 दिसम्बर को होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के जिन प्रतिभावान बच्चों ने किसी भी विधा में महारत हासिल कर पुरस्कार प्राप्त किए हैं उनके लिए अखिल भारतीय भार्गव सभा की वेबसाइट पर फार्म उपलब्ध है जिसे भरकर अखिल भारतीय भार्गव सभा को भेजना है। ऐसे बच्चों को अखिल भारतीय सभा द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि भार्गव सभा बैतूल की मासिक बैठक रविवार को ही हुआ करेगी। बैठक में भार्गव सभा के सभी सदस्य उपस्थित थे। दीपावली मिलन समारोह में जितिन-प्राची द्वारा रात्रि भोज का आयोजन रखा गया था। सभी ने दीपावली मिलन समारोह के बेहतरीन आयोजन के लिए जितिन-प्राची को धन्यवाद दिया है। मिलन समारोह में गोपाल, अनिल, मनोज, प्रमोद, सुधीर, मयंक, निधिष, राजेश, चेतन, मयूर, गौरव, मुदित, प्रखर, शिवम, प्रथम, मौलिक, यजत, भार्गव एवं महिला सभा की कविता, दीपा, मीरा, दीप्ति, सुनीता, रेणु, श्वेता, रश्मि, अश्विनी, सोनल, तन्वी, रियोना भार्गव उपस्थित रहे।

### 5 मजदूर कर रहे करोड़ों का कार्य, कंक्रीट में हो रहा है बजरी और डस्ट का उपयोग

# घटिया मटेरियल से हो रहा,1 करोड़ 7 लाख के नपा भवन का निर्माण!



असलम अहमद ▶▶ मुलताई

नगरपालिका मुलताई कार्यालय के ठीक बाजू में 1 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से बन रहे नवनिर्मित नगर पालिका भवन में नियमों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण एवं निम्न स्तरीय सामग्री के उपयोग को लेकर लंबे समय से सवाल उठ रहे हैं। किंतु इसके बावजूद भी निर्माण प्रक्रिया में सुधार नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों पार्षदों ने भी सर्फेस भरण में मुरम के बजाय मिट्टी और मलबा भरे जाने की शिकायत की थी, किंतु कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके चलते करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे नगर पालिका भवन के निर्माण पर अभी से प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। जानकार बताते हैं कि ठेकेदार द्वारा निर्माण में जमकर नियमों की अनदेखी की जा रही है और रोचक तथ्य यह है कि यह सब उस स्थान पर हो रहा है, जहां नगर पालिका से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि लगभग प्रतिदिन कार्यालय आते हैं और अधिकारी- कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं। फिर भी कोई ठेकेदार से यह पूछने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा कि जो कंक्रीट बनाया जा रहा है उसके क्यूब भरे जा रहे हैं या नहीं। भुगतान के लिए लगाई जा रही सामग्री जांच रिपोर्ट कहां से आ रही है। कंक्रीट में मिट्टी युक्त बजरी का उपयोग क्यों हो रहा है और यह किस साइज की है।

#### नगर पालिका परिसर में हो रहा घटिया निर्माण, उपयंत्री ने कहा सुधार करो

घटिया निर्माण की जानकारी मिलते ही जब हम नगर पालिका नवनिर्मित भवन के स्थल पर पहुंचे तो जो देखा वह चौंकाने वाला था। करोड़ों रुपये के कार्य का ठेका, जिस ठेकेदार को दिया गया है, उसने भी यह कार्य पेटी कांट्रेक्ट पर किसी और को दे दिया है। वहाँ मात्र पांच मजदूर और एक छोटी सी मिक्सर मशीन के भरोसे भवन के पिलर भरे जा रहे हैं। कंक्रीट मिक्सर में बजरी, डस्ट जिसमें मिट्टी मिली है, उसका उपयोग किया जा रहा है। गिट्टी का कोई मानक साइज नहीं है। डस्ट बजरी और बारीक गिट्टी के साथ बहुत कम मात्रा में सीमेंट डाला जा रहा है। कंक्रीट में इतना अधिक पानी है कि मसाला गीली मिट्टी की तरह फैल रहा है, जबकि पिलर किसी भी निर्माण का महत्वपूर्ण तत्व होते हैं जिनमें सॉलिड कंक्रीट व वाइब्रेटर का उपयोग आवश्यक है। यहां वाइब्रेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा। पांच मजदूर मसाला बनाते हैं, मशीन में मटेरियल डालते हैं और पूर्व में बने पिलर की सेंट्रिंग हटाते हैं। मसाला कई घंटे रखने के बाद उपयोग किया जा रहा है जिससे कंक्रीट सॉलिड हो जाती है। इस संबंध में जब शिकायत नगर पालिका उपयंत्री महेश शर्मा से की गई, तो उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद ठेकेदार के लोगों को वाइब्रेटर लगाने, बजरी-डस्ट का कंक्रीट में उपयोग न करने और कंक्रीट क्यूब भरने के निर्देश दिए।

#### विधायक के प्रयास से स्वीकृत हुआ नगर पालिका भवन

बीते दो दशक से मुलताई नगर पालिका कार्यालय खस्ताहाल भवन में संचालित हो रहा था। काफी प्रयासों के बाद विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयास से 1 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण को स्वीकृति मिली है। निर्माण का ठेका तनुष्का कंस्ट्रक्शन भोपाल को मिला है। जानकारों के मुताबिक यह वही ठेकेदार है, जिसने पहले 10 करोड़ की लागत से सडक और नालियों का निर्माण किया था और जो एक वर्ष बाद ही टूटना शुरू हो गए थे। आज तो उनके अवशेष भी ढूंढना मुश्किल है। जानकर लोगों का मानना है कि ठेकेदार को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिसके कारण निर्माण में सुधार करवाना संभव नहीं हो पा रहा। निर्माण को लेकर लोगों का उत्साह अब आक्रोश में बदलने लगा है और निर्माण ठेका प्रक्रिया की जांच की मांग भी लगातार उठ रही है।

#### निर्देश दिए हैं

हमने ठेकेदार के लोगों को कार्य में सुधार करने, कंक्रीट में बारीक बजरी का उपयोग न करने, पिलर भराई में वाइब्रेटर का उपयोग करने और बनाए गए कंक्रीट के क्यूब भरने के निर्देश दिए हैं।

**महेश शर्मा**, उपयंत्री नगर पालिका, मुलताई

### अस्त होते सूर्यदेव को देंगे अर्घ्य

## आस्था का महापर्व छठ आज



**सारनी।** आस्था और विश्वास का महापर्व छठ आज सारनी पाथाखेड़ा क्षेत्र में पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आज शाम अस्त होते सूर्यदेवता को पहला अर्ध्य समर्पित किया जाएगा एवं मंगलवार की सुबह उदित होते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत का समापन होगा। वैसे तो सारनी पाथाखेड़ा क्षेत्र में छठ पर्व 60 के दशक से ही मनाया जाता है जिसकी शुरुआत पाथाखेड़ा के प्राचीन शिव मंदिर से हुई थी लेकिन सतपुड़ा डेम पर सामूहिक रूप से छठ पूजा महोत्सव का आयोजन 2005 से किया जा रहा है। इसके पहले पाथाखेड़ा में रहने वाले उतर भारतीय छठ पूजा करने अपने परिवार के साथ नांदिया घाट या धाराखोह नदी घोड़ाडोंगरी जाते थे। आज भी शोभापुर एवं बगडोना कालोनी के कई परिवार नांदिया घाट जा कर छठ पूजा करते हैं। छठ पूजा का सबसे बड़ा आयोजन सतपुड़ा डेम के पास होता है, जहाँ बडी संख्या में छठ मनाने लोग एकत्रित होते हैं। आयोजन समिति से जुड़े कमलेश सिंह ने बताया कि भोजपुरी एकता मंच के बैनर तले 2005 से सामूहिक रूप से छठ पूजा महोत्सव का शुभारंभ किया गया था, तब नगरपालिका अध्यक्ष मनोज डेहरिया एवं उस समय की परिषद द्वारा यहाँ की व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक छोटे से बजट का आवंटन किया था। पिछले दो दशक से यह परम्परा अनवरत चल रही है। पिछले 20 सालों में छठ पूजा का स्वरूप काफी बड़ा हो चुका है। छठ घाट पर लाइटिंग, बैठक व्यवस्था, घाट की साफ सफाई एवं बैठक व्यवस्था नपा परिषद द्वारा की जाती है। भोजपुरी एकता मंच द्वारा सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी नगरपालिका द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रकार का इंतजाम किया गयाहै। सोमवार की शाम एवं मंगलवार की शाम स्थानीय एवं बाहर से आये कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। आकर्षक झांकियों के साथ आतिशबाजी होगी।

#### भैरव जयंती पर बैतूल में निकलेगी भव्य पेशवाई यात्रा

**बैतूल।** नगर के चक्कर रोड स्थित प्रसिद्ध काल भैरव मंदिर से इस वर्ष भी भैरव जयंती के पावन अवसर पर बाबा काल भैरव जी की भव्य पेशवाई यात्रा निकाली जाएगी। लगातार तीन वर्षों से आयोजित की जा रही यह पेशवाई अब नगर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुकी है। बाबा काल भैरव जी का नगर भ्रमण भव्यता के साथ किया जाएगा, जिसमें अखाड़े के साधु-संत, डमरू दल, ध्वजवाहक और भक्तों की विशाल टोलिया शामिल होंगी। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें सम्मिलित होने अखिल भारतीय अघोर अखाड़ा के संस्थापक श्री श्री श्री 1008 अघोराचार्य डॉ. आदेश नाथजी अघोरी पधार रहे हैं। डॉ. आदेश नाथजी अघोरी के प्रवचन, आशीर्वचन और भैरव साधना से जुड़ी शिक्षाओं का लाभ लेने के लिए आसपास के जिलों से भी साधक बैतूल पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। उनके सान्निध्य में यह आयोजन एक विराट आध्यात्मिक पर्व का रूप ले लेगा। काल भैरव मंदिर समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं।

## बैतूल की लवी ने शास्त्रीय गायन से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

### तबले पर लयबद्ध संगत कर बढ़ा दी कार्यक्रम की शोभा




**बैतूल।** ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह संगीत कला समिति द्वारा रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह संगीत समारोह का शुभारंभ बैतूल की नन्ही प्रतिभा लवी देशमुख ने शास्त्रीय गायन से किया। वहीं यशवी देशमुख ने तबले पर लयबद्ध संगत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। दोनों की जुगलबंदी ने समारोह को यादगार बना दिया। समारोह में पंडित किरण देशपांडे और उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के उप निदेशक शेखर करहाडक़र मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में बैतूल की नन्ही प्रतिभा लवी ने अपने मधुर स्वरों में शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। लवी के गायन ने संगीतप्रेमियों को भावविभोर कर दिया। समारोह में इंदौर की रेवा भदौरिया ने वायलिन वादन में सधे हुए सुरों से माहौल को भावमय बना दिया, जिनकी तबले पर संगत यशवी देशमुख ने की। इस अवसर पर संगीत क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पद्मश्री पंडित उमाकांत गुंदेचा, अनंत गुंदेचा, पंडित अखिलेश गुंदेचा, पंडित अनूप शर्मा और पंडित गौतम काले को सम्मानित किया गया। मुख्य प्रस्तुतियों का शुभारंभ कर्नाटक के प्रख्यात कलाकार पंडित ईमान दास ने किया। उन्होंने राग सरस्वती में झूमरा ताल की बंदिश जोगी गाए अब राग सरस्वती को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### बाथरूम में गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

**बैतूल।** शुगर लेवल गिरने से घर के बाथरूम में गिरी 55 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की पहचान अमदर निवासी सुनीता पति गुलाबराव सातपुते के रूप में हुई है। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार, सुनीता को शुगर और बीपी की समस्या थी। 24 अक्टूबर को शुगर का स्तर कम होने के कारण उनका संतुलन बिगड़ा और वे बाथरूम में गिर गईं। इस घटना में उनके बाएं पैर में अंदरूनी चोट आई थी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां दो दिन तक उनका इलाज चला। रविवार रात उनकी हालत बिगडने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी ने घटना का पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया।



## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जयस चलाएगी जनजागृति पखवाड़ा

**बैतूल।** रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम स्टेडियम में रविवार 26 अक्टूबर को जय आदिवासी युवा शक्ति की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पूरे जिले में धूमधाम और गौरव के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर जयस ने घोषणा की कि जिलेभर में 1 नवंबर 14 नवंबर तक जयस जनजागृति पखवाड़ा चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज में आदिवासी अस्मिता, एकता और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहेगा। मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 नवम्बर को आयोजित होगा, जिसमें जिले सहित प्रदेशभर से हजारों की संख्या में आदिवासी भाई-बहनों की उपस्थिति रहने की संभावना है। इसी क्रम में जिले के सभी 10 ब्लॉकों में भी विशेष आयोजन किए जाएंगे, जिनके लिए जयस द्वारा संबंधित ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक की अध्यक्षता जयस जिलाध्यक्ष एड. संदीप कुमार धुर्वे ने की। इस अवसर पर जिला संरक्षक राजा धुर्वे, जिला प्रभारी महेश शाह उइके, जिला सचिव राजकुमार काकोडय़ी, राजरावण परते, आईटी सेल प्रभारी रामदीन इवने, मीडिया प्रभारी सौरभ सलामे सहित विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शाहपुर ब्लॉक से मिथलेश (बब्बा) उइके, भीमपुर से इंद्रकुमार उइके, चिचोली से शिवम उइके, आमला से गोविंद उइके एवं सुनील उइके, भैंसदेही से अशोक उइके, तुलसी उइके, अक्षय इवने, पतिराम उइके, शैलेन्द्र धुर्वे, अर्जुन धुर्वे, सचिन उइके, पिंटू पंद्रे सहित बड़ी संख्या में जयस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# दो वर्ष बाद प्रारंभ हुआ बैतूल रोड सड़क का निर्माण कार्य

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा...धन्यवाद जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




मुलताई से बैतूल की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग का आखिरकार 2 वर्ष बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। जिससे नगरवासियों ने राहत की सांस ली है। परमंडल जोड़ से ड्रीमलैंड सिटी तक डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली एक किलोमीटर सडक का निर्माण दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने पर रुका हुआ था, जिसके निर्माण का कार्य अब शुरू हुआ है।

सडक निर्माण प्रारंभ होने पर कोंग्रेसियों ने इसका श्रेय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को दिया है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी इसी सडक से मुलताई आए थे एवं उन्होंने इस सडक़ की दुर्दशा के लिए स्थानीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख को जिम्मेदार बताया था, जिसके बाद मुलताई में भाजपा एवं कांग्रेस के बीच जम कर बयानबाजी भी हुई थी। रविवार को कांग्रेस नेता संजय यादव, किशोर सिंह परिहार, प्रहलाद सिंह ठाकुर, सुमित शिवहरे, अरुण यादव, अखिलेश फुलवार, लोकेश यादव, आशीष जैन सहित दर्जनों कांग्रेसी बैनर पोस्टर लेकर सडक निर्माण स्थल पर पहुंचे एवं निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेता संजय यादव, किशोर सिंह परिहार ने बताया कि सडक़ निर्माण नहीं होने से सडक पर बडे-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण इस सडक पर दुर्घटनाओं का अम्बार लग गया था एवं सैंकडो लोग इन दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल भी हो चुके है। कांग्रेस नेता संजय यादव, सुमित शिवहरे, अरुण यादव ने बताया कि बीते दो सालो से क्षेत्र की जनता इस सडक का निर्माण नहीं होने से परेशान होकर आंदोलन धरना प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन भाजपा सरकार कुम्भकरनी नींद में सोइ हुई थी लेकिन जब प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रदेश स्तर पर उठाया तो मजबूरी में भाजपा सरकार को इसका काम शुरू करना पडा ।

# जिले के 1593 बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 127 वॉ कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के 1593 बूथो पर सुनने और देखने की व्यवस्था की गई। मुलताई विधानसभा के प्रभातपटटन मंडल के रायआमला बूथ क्रमांक 175 पर केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार सम्मिलित हुए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड, जनपद सदस्य नितेश काले, सरपंच सूमन डांगे, पूर्व सरपंच जगन्नाथ गव्हाडे, मंगल नरवरे सहित बूथ समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के पश्चात कहा कि मन की बात का प्रसारण में मोदी जी राष्ट्र की बात करते है। दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई। इस वजह से युवा-पीढियों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया। श्री उइके ने कहा कि साथियों, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है। संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नई प्राणवायु दे दी है। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि इस विशेष कड़ी में मोदी जी ने लोक आस्था के महापर्व छठ, देवभाषा संस्कृत के संरक्षण, वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने की ऐतिहासिक उपलब्धि, तथा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी जैसे अनेक प्रेरक विषयों पर अपने विचार साझा किए।




### सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

## बच्चों के संस्कारों में माता-पिता की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




विद्या भारती अखिल भारतीया शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में रविवार को सप्तशक्ति संगम के कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम सह क्षेत्रीय मंत्री विद्या भरती मध्य क्षेत्र की मुख्य वक्ता डॉ.पिंकेशलता रघुवंशी, मुख्य अतिथि आरती शर्मा, विशेष अतिथि सुश्री उषा द्विवेदी, विभाग संयोजक प्रतिभा दीक्षित, कार्यक्रम की भूमिका प्रतिभा दीक्षित ने और महर्षि अरविंद शिक्षण संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर कुटुम्ब प्रबोधना. डॉ पिंकेशलता रघुवंशी ने चार आश्रमों को परिवार की नींव बताते हुए इसमें सोलह संस्कारो और माता-पिता की भूमिका को प्रमुख बताया। उन्होंने संयुक्त परिवार के महत्व को बताते हुए उसमें बड़ों के दायित्वों जैसे छोटो के प्रति प्यार चिंता तथा समानता व भागीदारी का भावको बताया वही छोटो के मन में बड़ों के प्रति आदर व विश्वास का भाव होता है। उन्होंने बताया कि भारत की परिवारयोजना कल आज और कल का समन्वय है। जिसमें तीन से चार पीढि?ं एक छत के नीचे रहती है। इन्होंने अधिकार से कर्तव्यो को श्रेष्ठ बताया। उन्होंने परिवार जीवन की वर्तमान चुनौतियों के समाधान में नारी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। भारत के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर आरती शर्मा दीदी ने वात्सल्य की सीमा को असीम बनाने के मृदुल सामर्थ्य को ही मातृत्व कहा है। इस नाते सामाजिक कुरीतियों का विरोध नारी सम्मान घर के कामकाज, सहभोज, संभाषण, दान, अध्यात्म भारतीय मूल्यों की पुस्तकों का अध्ययन समाज सेवाएं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना तथा भ्रष्टाचार से दूर रखकर राष्ट्र निर्माण करने वाले बालक के निर्माण में अपना योगदान देने को अपेक्षा की है। अध्यक्षीय उद्बोधन श्रीमती रश्मी साहू का रहा। कार्यक्रम की संयोजक विद्यालय के प्राचार्य संजय उपाध्याय के मार्गदर्शन में श्रीमती संगीता गंगारे एवं श्रीमती प्रीति साहू ने किया। मंच संचालन श्रीमती मोनिका वर्मा ने व आभार श्रीमती ऋतु देवड़ा ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में लगभग 363 महिलाएं उपस्थित रही।

## पूर्व सैनिकों की जिला स्तरीय रैली, योजनाओं की दी जानकारी

### वीर नारियों और युद्ध नायकों को किया सम्मानित



**बैतूल।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में रविवार को गंज स्थित रामकृष्ण बगिया में पूर्व सैनिकों की जिला स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां, शहीदों की पत्नियां और उनके परिजन शामिल हुए। समारोह के दौरान दो दर्जन से अधिक वीर नारियों और शहीदों की पत्नियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 1965 और 1971 के युद्धों में हिस्सा लेने वाले सैनिकों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। रैली में उपस्थित परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित पूर्व सैनिक कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। पेंशन, चिकित्सा और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर जिला अस्पताल और निजी संस्थाओं की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए, जबकि विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने पूर्व सैनिकों को बैंकिंग सुविधाओं और ऋण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के राष्ट्र के प्रति योगदान को नमन करते हुए किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन और सैनिक कल्याण विभाग की ओर से उनके कल्याण के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया गया। रैली में पूर्व सैनिक और पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर, सतपुड़ा थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य अभियंता वी.के. कैथवार, सुरक्षा अधिकारी एस.के. राघव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (सेवानिवृत्त) सुमित सिंह, एडवोकेट श्रीवास्तव सहित कई नागरिक और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के योगदान को नमन किया।

## विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल पहुँचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्नेहिल भेंट की और उन्हें दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस सौजन्य भेंट के दौरान विधायक वर्मा ने सिवनी-मालवा विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर मुख्यमंत्री को आवेदन भी सौंपा।

विधायक वर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र में किसानों के लिए डी.ए.पी. एवं यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आगामी रबी सीजन में किसानों को खाद संकट का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने सिवनी-मालवा स्टेडियम की स्वीकृति शीघ्र जारी करने का निवेदन किया, जिससे स्थानीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएँ मिल सकें और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिले।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र में किसानों की खरीफ फसल विशेषकर सोयाबीन पूरी तरह नष्ट हो गई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस स्थिति को आपदा घोषित कर प्रभावित किसानों को राहत राशि प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक प्रेमशंकर वर्मा द्वारा प्रस्तुत सभी विषयों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा कि सिवनी-मालवा के विकास और किसानों की समृद्धि के लिए उनका संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

### धरती को नुकसान से बचाने जनप्रतिनिधियों ने की किसानों से अपील

# नरवाई न जलाएं, पर्यावरण और मिट्टी की सेहत बचाएं: जनपद अध्यक्ष मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत अध्यक्ष रेणुका मंडलोई तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने क्षेत्र के समस्त किसानों से एक भावनात्मक अपील की है। उन्होंने कहा है कि खेतों में नरवाई जलाने की प्रथा पर्यावरण के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है। यह न केवल हवा में प्रदूषण फैलाती है, बल्कि खेतों में मौजूद उपयोगी जीवाणुओं को भी नष्ट कर देती है, जिससे भूमि की उत्पादकता वर्ष दर वर्ष घटती जा रही है।

रेणुका मंडलोई ने कहा कि "हमारा किसान मेहनती और संवेदनशील है। अगर उसे सही दिशा में जानकारी दी जाए तो वह निश्चित ही पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नरवाई जलाने से जहां आसपास का वातावरण धुएं से भर जाता है, वहीं पशुओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि हम सब मिलकर इस आदत को बदलें और खेतों में नरवाई को जलाने के बजाय उसे खाद के रूप में प्रयोग करें।" उन्होंने कहा कि नरवाई खेत की संपत्ति है, इसे जलाने के बजाय मशीनों की सहायता से खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाया जा सकता है, जो भूमि की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई ने कहा कि "नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान का सीधा असर किसान की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। मिट्टी की ऊपरी परत जलने से उसमें मौजूद पोषक तत्व समाप्त हो जाते हैं, जिससे अगली फसल की पैदावार घटती है। इसके साथ ही यह प्रक्रिया वायु प्रदूषण को भी बढ़ाती है, जिससे जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएं और बढ़ रही हैं। इसलिए हर किसान को समझना चाहिए कि नरवाई जलाना किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि आने वाले समय में और बड़ी समस्या का कारण बन सकता है।"

उन्होंने कहा कि शासन और कृषि विभाग किसानों की सहायता के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं, जिनमें नरवाई प्रबंधन हेतु मशीनों पर अनुदान भी दिया जाता है। किसानों को चाहिए कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएं और जागरूक होकर अपने खेतों की मिट्टी की सेहत सुधारें। उन्होंने ग्राम पंचायतों और जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे इस विषय पर गांव-गांव में जनजागरण अभियान चलाएं ताकि हर किसान इस विषय की गंभीरता को समझ सके।

अंत में दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि "धरती माता की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि आज हमने अपनी भूमि की रक्षा नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।" उन्होंने सभी किसानों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे नरवाई न जलाएं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने में अपना योगदान दें।



### आंचलखेड़ा में ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा जागरूक

आंचलखेड़ा। इन दिनों जिले में किसानो द्वारा धान की कटाई चल रही है परन्तु धान कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई व पराली को खेतों में ही जला दिया जाता जिसको लेकर सरकार और प्रशासन ने काफी सख्ती अपनाई है और खेतों में नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया वहीं सरकार ने किसानों को नरवाई का प्रबंधन करने की सलाह देने के साथ साथ दंडात्मक कार्यवाही करने का प्रवधान की बात भी की गई है साथ ही प्रशासन द्वारा जिले भर में ग्राम पंचायतों में पोस्टर ,बेनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है माखननगर विकासखंड की ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा में जगह जगह बैनर - पोस्टर लगाए गये है और सरपंच आशा घुरेले , सचिव पुरषोत्तम गौर और रोजगार साहयक अमित यादव द्वारा गांव में लोगों को जागरूक कर रहे है और लोगो को नरवाई ना जलने की हिदायत दी जा रही है ।

### नरवाई जलाने के नुकसान

दरअसल नरवाई जलाने से होने बाले नुकसान के बारे में सरकार द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि इससे क्या नुकसान है वहीं बिन्दुबार समझाया भी गया है जिसमें मुख्य रूप से मिट्टी की उर्वरता कम होना।. मिट्टी में उपस्थित लाभदायक जीवों का नष्ट होना मृदा सतह का सख्त होना। जिससे अगली फसल के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव । पर्यावरण प्रदूषण होने से श्वांस संबंधित गंभीर बीमारी । भूमि में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा कम होना।

### नरवाई का प्रबंधन कैसे करें

सरकार ने नरवाई का प्रबंधन करने को लेकर बताया है कि हार्वेस्टर से फसल की कटाई के बाद नरवाई का भूसा बनाना भूसे को मिट्टी में गहरी जुताई करे एवं उसके पश्चात रोटावेटर के द्वारा नरवाई के डंठल को मिट्टी में मिश्रित करें साथ ही जमीन से सटा कर फसल की कटाई करना और उसके बाद एक गहरी जुताई करने की बात कही गई है ।

### नरवाई जलाने पद दंडात्मक प्रावधान

सरकार द्वारा नरवाई में आग लगाने एवं आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 221 के तहत कार्यवाही की जायेगी व नरवाई जलाने पर किसान सम्मान निधि की राशि शासन द्वारा रोक दी जायेगी साथ ही भूमि अनुसार अर्थ दण्ड भी निर्धारित किया जायेगा जो कि (1) 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500 रूपये(2) 2 से 5 एकड भूमि पर 5000 हजार रूपये (3) 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 हजार रूपये रखा गया है।

## प्रकाश उत्सव समिति के द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पचमढ़ी रोड पर स्थित इतवारा बाजार में गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गुरूदीप सिंह उर्फ राजू मल्होत्रा के द्वारा लगातार एक माह से प्रकाश उत्सव समिति के द्वारा प्राय प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

प्रतिदिन पूरे शहर में महिला वर्ग सिक्ख धर्म ध्वजा लेकर सिन्धी समाज केद्वारा भी सामुहिक रूप से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। तथा सभी गुरुद्वारा साहिब में पाठ चल रहें हैं।

## बाबड़ी वाले मंदिर में मनाया अन्नकूट महोत्सव भक्तों ने प्रसादी पाई, दिन भर चला भंडारा



सोहागपुर। नगर के बावड़ी वाले नरसिंह मंदिर में रविवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। आयोजन दौरान ठाकुर जी को 56 पकवानों का भोग लगाया गया। मंदिर महंत हरीकिशन दास ने बताया कि श्री कृष्ण ने देवराज इंद्र के प्रकोप से वृंदावन के लोगों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठा लिया था, जिससे गांव के सभी लोगों का जीवन बच पाया था। इससे प्रसन्न वृंदावन वासियों ने 56 प्रकार के पकवान बनाकर भगवान का भोग लगाया था। तब से इस दिन के विशेष महत्व को देखते हुए भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में सनातनी लोग 56 भोग अर्पित कर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन करते हैं। यह अन्नकूट महोत्सव गोवर्धन पूजन से लेकर देवउठनी एकादशी तक की अवधि में किया जाता है। नरसिंह मंदिर में आयोजित अन्नकूट में नागरिकों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की

## शासकीय जमीन की बिक्री किए जाने की हुई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में निवास करने वाले विश्व हिंदू परिषद के महेंद्र साहु ने एक माह पूर्व अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई गई थी की ग्राम पंचायत में सरकारी जमीन को मुस्लिम समुदाय के सदर मुस्ताक अली पिता चिराग अली के द्वारा चारागाह भूमि पर कब्जा कर लिया है। तथा अवैध रूप से गरीब तबके को गुमराह कर बेचा जा रहा है। प्लांट काटकर लगभग एक दर्जन लोगों को बेंच दिया है। पैसे भी लिए हैं 80हजार से लेकर 1लाख के उपर तक पैसा लेकर पट्टे देने का आह्वाहन दिया है। लंबे समय से पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इस विषय में नायाब तहसीलदार धर्मेंद्र नामदेव ने कहा कि जो शिकायत महेंद्र साहु ने की थी। उसकी जांच में पाया गया कि जो खसरा नंबर पर कब्जा बताया गया है। उस खसरा पर कोई अतिक्रमण नहीं है। जगह ख़ाली पड़ी है। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। सरपंच सुलभ गोदानी ने कहा कि शिकायत कर्ता ने पंचायत में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

सचिव प्रदीप पांडे ने बताया कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि उच्च अधिकारियों से कोई आदेश दिया तो जांच कर कार्रवाई की जावेगी। हितग्राही छाया मोंगिया ने मुस्ताक अली खान से जमीन खरीदी गई तथा 80हजार देना बताया गया है। मुस्ताक अली खान से बात करते पर उपलब्ध नहीं मिले।

## नगर परिषद की बैठक में नगर विकास को मिली नई दिशा

### अब 26 जुलाई 2024 के बाद बनी कॉलोनियां नहीं होंगी नगर सीमा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा के सभाकक्ष में शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 को नगर परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें नगर के सर्वांगीण विकास और जनसुविधाओं से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए जो आने वाले समय में सिवनी मालवा के विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

बैठक में आत्मनिर्भर भारत के तहत कृषकों को अभियान में सम्मिलित कर उनकी फसलों के उचित दाम, खाद, बीज, पानी और बिजली की सुविधा सुनिश्चित करने की बात कही गई। नगर के विकास हेतु कार्यालय के नवीन भवन, कंप्यूटर सेंटर के नवीनीकरण, केरियर गाइडेंस एवं कोचिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था, कंदेली नदी का सौंदर्यीकरण, गौशाला, मटन मार्केट, सब्जी मंडी, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, हॉकर्स जोन, खेल मैदान, पार्क, फायर स्टेशन और इनडोर स्टेडियम के निर्माण से संबंधित प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

नगर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों के नाम रानी अवंती बाई, महाराणा प्रताप, महाराज अग्रसेन, भगवान परशुराम, वीर दुर्गादास और सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर रखने का निर्णय लिया गया। वहीं परिषद ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए यह भी घोषित किया कि कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा 26 जुलाई 2024 के बाद राजपत्र में प्रकाशित क्षेत्र में यदि किसी कॉलोनी या प्लॉट की रजिस्ट्री ग्रामीण क्षेत्र मानकर की जाती है, तो ऐसे खसरों को किसी भी स्थिति में नगर पालिका सीमा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

इस तिथि के बाद बनी कॉलोनियों या बेचे गए प्लॉट को अवैध माना जाएगा, और ऐसी स्थिति में पूरी जिम्मेदारी क्रेता और विक्रेता दोनों की होगी। परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे रजिस्ट्री करते समय दस्तावेजों की जांच अवश्य करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी समस्या का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि आज नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा में नगर के समग्र विकास और जनसुविधाओं के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण और विद्युत प्रकाश व्यवस्था जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नगर की उन्नति और नागरिकों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और सिवनी मालवा को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक नगर के रूप में विकसित करने के लिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन ने कहा कि परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव नगर के सुनियोजित विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों और असंगठित निर्माण पर नियंत्रण के बिना नगर का विकास संभव नहीं है, इसलिए यह निर्णय शहर के हित में लिया गया है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता, सुशासन और पारदर्शिता के माध्यम से ही सिवनी मालवा को एक मॉडल नगर बनाया जा सकता है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष स्वाति शैलेन्द्र गौर ने कहा कि नगर की महिला शक्ति और युवा वर्ग विकास की असली ताकत हैं। उन्होंने बताया कि परिषद ने महिलाओं और बच्चों को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों और कोचिंग सुविधाओं को सशक्त करने पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि हर वर्ग को समान अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि सिवनी मालवा के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से नगर निश्चित ही प्रदेश के आदर्श नगरों में अपनी पहचान बनाएगा।

बैठक में मुख्य सीएमओ अमर सिंह उइके, मुख्य लिपिक लेखापाल महेन्द्र सिंह परिहार, सभी पार्षदगण और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का समापन नगर के सर्वांगीण विकास और स्वच्छ, सुंदर तथा समृद्ध सिवनी मालवा के संकल्प के साथ किया गया।

## शिकायत के बाद भी नहीं हो रही है आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिछैडामे लगभग एक माह पूर्व कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा एक पिता की बेटी परेशान किया जा रहा था। लड़की के पिता चंदरदीप पिता लक्ष्मी नारायण साहु के द्वारा अनेक बार समझाने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन उसके बाद भी यह लोग अपनी-अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। जब बात अधिक बढ़ने लगी तो पिता के द्वारा अगले माह स्टेशन रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

तो पुलिस के द्वारा अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आरोपी जनों ने शिकायत दर्ज कराने के बाद चंदरदीप के बताए अनुसार रास्ते में रोककर कर तथा लगभग आधा दर्जन लोगों ने घेर लिया गया और राड,डंडा सहित अन्य हथियारों से घेर कर मारपीट कर दोनो पैर छोड़ दिए गए तथा हाथ भी तोड़ दिया गया। अब एक बेटी बचाओ के लिए आगे आए पिता को इस तरह से तो ड़ा गया है। तथा जानसे मारने की धमकी दी गई है। लेकिन आज तक आरोपी जनों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इस घटनाक्रम से पूरा परिवार डरा हुआ है। पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग कीहै। थाना प्रभारी आदित्य सैनी का कहना है एफआईआर दर्ज कराई गई है। मेडिकल रिपोर्ट आने पर आगे कार्यवाही की जावेगी।

## अहिंसा से ही विश्व, देश और प्राणी मात्र का होगा कल्याण मुनिश्री अक्षय सागर



सीहोर। हमारी संस्कृति, प्रकृति और सभ्यता अहिंसा प्रधान रही है, लेकिन हमने इन्हें हिंसक बना दिया है। भारतीय इतिहास, संस्कृति और सभ्यता पशुवध की स्वीकृति नहीं दे सकती। भारत कृषि प्रधान देश है। यहां के लोग सदियों से पशुपालन कर जीवन निर्वाह करते आए हैं। यह बात मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने बताया कि भारत धर्म प्रधान देश है। यहां कई धर्म, सम्प्रदाय और पंथ रहते हैं। जैसे कुशल माली रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता बनाता है। भारत का हर धर्म, समाज और नागरिक फूल है, तो अहिंसा उसकी गंध है। गंध अपने में ही नहीं रह सकती। उसे हवा में बिखरना ही है। वैसे ही भारत की अहिंसा की सुगंध पूरे विश्व में फैल गई। इसलिए पूरे विश्व ने अहिंसा विश्वधर्म को स्वीकारा है।

हर साल 1.90 करोड़ टन जहर खेतों में डाला जा रहा उन्होंने बताया कि भारत में हर साल एक करोड़ 90 लाख मिट्रिक टन ज़हर खेतों में डाला जा रहा है। इससे भारत की भूमि की भी हिंसा हो रही है। इससे उपजाऊ भूमि बंजर बनती जा रही है। इसी कारण अन्न उत्पादन कम हो रहा है। उसमें अन्न की उपलब्धता कम होने से मंहगाई भी बढ़ती जा रही है। इसलिए पर्यावरण का असंतुलन, महंगाई, भूकंप, जलस्तर की कमी नैतिकता का पतन, द्ररिद्रता, बुद्धि का ह्रास ऐसे कई कारणों की जड़ मात्र हिंसा है। इन सबके ऊपर सिर्फ एक ही उपाय अहिंसा का विकास ही है। ऐसे ही अहिंसा का अनुभव करना पूरा विश्व चाहता है। अहिंसा से ही देश और प्राणी मात्र का कल्याण होने वाला है।

### वार्ड में व्याप्त समस्याओं से निराकरण के लिए वार्डवासियों की मांग

# नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर को अजा वार्ड क्र.11 के जाटव समाज प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग अल्पाशंक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक समाज सेवी जोन्टी जाटव, शुभम कंचनेरिया, धनराज थरेले, प्रवेश परिहार के नेतृत्व मे नपा.अध्यक्ष प्रिंस विकाश राठौर को अ.जा.वार्ड क्र.11 संत रविदास वार्ड डॉ.अम्बेडकर नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर जाटव समाज के प्रबुद्व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, इस अवसर पर पूर्व मे निरंतर दिए गयें ज्ञापन की कॉपी भेंट कर स्मारण कराते हुए श्री खंगराले ने नपा.अध्यक्ष श्री राठौर को बताया की विश्व रतन संविधान निर्मता डॉ.अम्बेडकर के पार्क का पूर्णतः जियोणो उध्धार किया जावे तथा पुराने जाटव समाज के स्कूल जो कि संत रविदास मंदिर के सामने स्थित है। उक्त जर-जर स्कूल को तोडक़र समुदायिक भावन को निर्माण किया जावे, उक्त दलित वार्ड मे रोड़-नाली, पुलिया का प्रथामिकता से निर्माण कर अंधेरे मे पड़े दलित वस्ती मे लाईट के पॉलो पर प्रथामिकता से टियूलाईट लेंप लगाकर जगमग रोशनी की व्यवस्था की जावे, खटीक मोहल्ले के सामने धर्मप्रकाश आर्य के घर के सामने तक मुरली ग्राम की और जाने वाली पुलिया तक आर.सी.सी. व पुलिया तक रोड़ का निर्माण एवं डॉ.अम्बेडकर धर्मशाला के सामने पीर बाबा दरगाहा तथा केला देवी माता मंदिर के चारो और वाउडरी बाल निर्माण के साथ-साथ समुदायिक भावन निर्माण को लेकर नपा.अध्यक्ष श्री राठौर को ज्ञापन सौंपा जिसे लेकर श्री राठौर द्वारा वार्ड मे प्रथामिकता से अधुरे कार्यो की समस्या के निराकंरण करने का जाटव समाज के प्रतिनिधि मंडल को अस्वस्थ किया गया, साथ ही नपा.लोक निर्माण विभाग के कार्यचारी वंटी पारासर को भेजकर डॉ.अम्बेडकर पार्क जो जर-जर अवस्था मे है का प्राक्लन तैयार करने हेतु भेजा गया दलित वस्ती मे विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी व नपा.के लोक निर्माण विभाग की शाखा को दिए जाने पर, जाटव समाज के लोगों द्वारा प्रिंस विकाश राठौर का कृतज्ञ मन से आभार माना गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जाटव समाज के नरेन्द्र खंगराले, जोन्टी जाटव, शुभम कचनेरिया, धनराज थरेले, प्रवेश परिहार, सोनू जाटव, राकेश जाटव, राकेश मालवीय, हेमंत भारतीय, नंदकिशोर मालवीय, पूर्व संरपच रिंकू जाटव, मोनू जाटव, नीरज भारतीय, राजू जाटव, पवन परसेया, सचिन जाटव, भैरू सिंह जाटव आदि जाटव समाज के लोग भारी संख्या मे उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कृषि उपज मंडी में आज मक्का का विक्रय नहीं होगा

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने बताया कि आज 27 अक्टूबर को कृषि उपज मण्डी प्रांगण में मक्का का नीलामी कार्य नहीं होगा। उन्होने मक्का उत्पादक किसानों से अनुरोध किया है कि वे 27 अक्टूबर को मंडी प्रांगण में मक्का मक्का विक्रय हेतु नहीं लावे। उन्होने बताया कि अध्यक्ष, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि वर्तमान में बेमौसम बारिश होने से व्यापारियों द्वारा वर्तमान में क्रय की गई मक्का खराब हो गई है, मक्का सुखाने की सुविधा नहीं होने से एवं 26 अक्टूबर को अचानक अत्यधिक बारिश होने से कृषकों द्वारा नमीयुक्त मक्का विक्रय हेतु लाने से नुकसान को देखते हुए व्यापारियों ने 27 अक्टूबर को मक्का क्रय करने में असमर्थता व्यक्त की है।

### अवैध मदिरा के विक्रय 11 प्रकरण दर्ज किए

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम हेतु खेड़ीपूरा, टंकी मोहल्ला एवं ग्राम अतरसमा, कायागांव, आमासेल, अजरुद रैयत, रिछाडिया, जूनापानी, खुदिया व केवलारी मे दबिश देकर कुल 27 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 23 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब एवं 620 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 11 प्रकरण दर्ज किये गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 69125 रूपये है।

### युवा उत्सव 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी थीम सांस्कृतिक और नवाचार है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव का आयोजन जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम सीहोर में 5 नवंबर 2025 तथा संभाग स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में 6 नवंबर 2025 को आयोजित होगा। इस युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवा भाषण, कहानी लेखन, पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोक गायन, कविता लेखन एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी आदि विधाओं में भाग ले सकते हैं। युवा उत्सव में भाग लेने के लिए युवा 29 अक्टूबर 2025 तक अपना आवेदन सीहोर के चर्च ग्राउंड स्थित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9111600215, 9713810664 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आगामी 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस को हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस न केवल एक उत्सव है, बल्कि हमारे राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति और नागरिक सहभागिता का उत्सव भी है। इसलिए इसे हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक और सहभागितापूर्ण बनाया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाकर उन्हें बेहतर समन्वय के साथ क्रियान्वित किया जाए, ताकि यह आयोजन उत्सवपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हमारे राज्य के गौरव, संस्कृति और प्रगति की प्रतीक तिथि है। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी, सहित अन्य आयोजनों की कार्य योजना तैयार की जाए। संबंधित विभागों विशेषकर संस्कृति, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों को कहा है।

कठिन परिश्रम, समर्पण और अटूट आत्मविश्वास का प्रमाण

# होनहार बेटी संगीता राय ने नर्सिंग क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की




**खिरकिया ।** नगर की होनहार बेटी संगीता राय ने नर्सिंग क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। संगीता ने बुरहानपुर के प्रतिष्ठित जिला चिकित्सालय में बतौर नर्सिंग ऑफिसर पदभार ग्रहण कर अपनी सेवाएं दे रही है। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और अटूट आत्मविश्वास का प्रमाण है । संगीता राय, महेश राय की सुपुत्री एवं समाजसेवी अभिषेक राय की बहन हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा खिरकिया से तथा जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग खंडवा से पूरी की। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहने वाली संगीता का सपना स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा देना था, जिसे उन्होंने पूरे जुनून के साथ जीएनटीएसटी परीक्षा उत्तीर्ण किया।संगीता की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरा खिरकिया नगर गौरवान्वित हुआ है।

वे उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो कड़ी मेहनत और लगन के दम पर जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहते हैं। संगीता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही उन्हें इस मुकाम तक लाई है।

इटारसी में आयोजित आयोजित की गई थी स्पर्धा




# संभागीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में सूर्योदय के छात्र का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी के छात्र आराध्या शर्मा ने इटारसी में आयोजित संभागीय स्तर पर आयोजित राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में बहुत शानदार प्रदर्शन किया। परिणाम स्वरुप उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। आराध्या के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए वहां पर उपस्थित सभी प्रशिशक एवं अन्य लोगों ने उत्साहवर्धन किया और स्कूल के प्रबंधक श्री पंकज सांड भागवत सिंह तोमर और विद्यालय की प्राचार्य सोनाली पारे ने बच्चे को उत्साहवर्धन करते हुए बधाई प्रेषित की, और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी।

इस साल सोयाबीन की फसल प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि और कीटों के प्रकोप से हो गई चौपट

# खरीफ की मार के बाद किसानों को रबी से उम्मीद 3.50 लाख हेक्टेयर में होगी गेहूं की बोवनी

लक्ष्य के मुताबिक गेहूं 3,44,000 हेक्टेयर, चना 37,500 हेक्टेयर, और अन्य फसलों जैसे मसूर, सरसों, गन्ना, अलसी व मटर को मिलाकर कुल 3,95,200 हेक्टेयर में खेती की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेतों में एक बार फिर ट्रेक्टरों की आवाज गूंज रही है। खरीफ की तबाही के बाद अब किसान रबी की फसल से अपनी टूटी उम्मीदों को फिर से जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। इस बार कृषि विभाग ने जिले में कुल 3,95,200 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की बोवनी का लक्ष्य तय किया है, जो उद्यानिकी फसलों को मिलाकर चार लाख हेक्टेयर से भी अधिक पहुंच जाएगा। किसान खेतों में पलेवा कर रहे हैं और जैसे ही मिट्टी में बतर आएगी, बोवनी शुरू कर देंगे। उनके लिए यह फसल सिर्फ खेती नहीं, बल्कि जीविका और उम्मीद का आखिरी सहारा बन गई है।

कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष गेहूं और चना प्रमुख रबी फसलें रहेंगी। लक्ष्य के मुताबिक गेहूं 3,44,000 हेक्टेयर, चना 37,500 हेक्टेयर, और अन्य फसलों जैसे मसूर, सरसों, गन्ना, अलसी व मटर को मिलाकर कुल 3,95,200 हेक्टेयर में खेती की जाएगी। वहीं उद्यानिकी विभाग ने लहसुन, प्याज और फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया है, जिससे लगभग 7-8 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र जुड़ जाएगा। इस प्रकार जिले में कुल बोवनी रकबा चार लाख हेक्टेयर से ऊपर पहुंचने की संभावना है।

#### गेहूं ही किसानों की पहली पसंद

सीहोर का गेहूं देशभर में शरबती गेहूं के नाम से प्रसिद्ध है। यही वजह है कि किसान गेहूं को ही अपनी प्राथमिकता में रखते हैं। हालांकि इस बार मौसम की अनिश्चितता और बेमौसम बारिश के चलते विशेषज्ञों का मानना है कि गेहूं का वास्तविक बोवनी क्षेत्र थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद किसान अपनी सिंचित भूमि में गेहूं ही बोना चाहेंगे। वहीं सीमित सिंचाई वाले किसान चना की ओर रुख कर रहे हैं ताकि कम पानी में भी उन्हें बेहतर उपज मिल सके।

**चने में भी आजमाई जाएगी किस्मत :** इस वर्ष कृषि विभाग ने चना के क्षेत्र को 33,500 से बढ़ाकर 37,500 हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है। चना की फसल जोखिम भरी जरूर है, लेकिन बीते वर्षों में इसके अच्छे दाम मिलने से किसानों में उत्साह है। कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने अपनी भूमि का एक भाग गेहूं के साथ-साथ चने के लिए भी आरक्षित रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो चना किसानों के लिए इस साल की 'कैश क्रॉप' बन सकता है।

#### खरीफ की तबाही, रबी पर टिकी उम्मीद

इस साल सोयाबीन की फसल ने किसानों को गहरी चोट दी है। प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि और कीटों के प्रकोप से फसलें चौपट हो गईं। मंडी में फसलों को भी अपेक्षित भाव नहीं मिल पाया, जिससे किसान आर्थिक संकट में फंस गए।अब वही किसान रबी फसल के लिए कर्ज लेकर तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है पिछली बार सब चला गया, अबकी बार रबी ही आखिरी आस है।

#### उम्मीदों की मिट्टी से उपजेगी नई कहानी

सीहोर के किसानों के चेहरों पर थकान तो है, लेकिन उम्मीदें अब भी जिंदा हैं। वे जानते हैं कि रबी का यह मौसम उनके जीवन की दिशा बदल सकता है। हर किसान अपने खेत को इस विश्वास के साथ देख रहा है कि इस बार धरती माँ उन्हें निराश नहीं करेगी। बेमौसम बारिश, खाद संकट और सिंचाई की चिंता के बावजूद उनकी मेहनत जारी है। क्योंकि उनके लिए रबी की यह फसल सिर्फ अन्न नहीं, बल्कि उम्मीद की आखिरी सांस है।

#### खाद की कमी से बढ़ी बेचैनी

खेती की तैयारी के बीच किसान सबसे अधिक खाद की कमी से परेशान हैं। कई जगहों पर सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की सप्लाई सीमित है। किसान सुबह से कतारों में लग रहे हैं, परंतु पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही। कुछ किसान मजबूरी में बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। यह स्थिति उनके लिए बड़ी चुनौती बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई तो बोवनी की गति धीमी पड़ सकती है।

#### सिंचाई की चुनौती, नहरों की सफाई अधूरी

सीहोर जिले में रबी फसलों की सिंचाई का मुख्य स्त्रोत कोलार नहर प्रणाली है, लेकिन अब तक नहरों में पानी छोड़े जाने की तिथि तय नहीं की गई है। कलेक्टर स्तर पर बैठक प्रस्तावित है जिसके बाद पानी छोड़ा जाएगा। नहर विभाग ने किसानों को तीन बार सिंचाई का आश्वासन दिया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नहरों की सफाई अधूरी है। किसानों को डर है कि जब तक पानी पहुंचेगा, कई खेतों में बोवनी प्रभावित हो जाएगी।

पट्टाभिराम मंदिर के 125 वर्ष पूरे होने पर होंगे कार्यक्रम

# 3 दिवसीय रजत शताब्दी महोत्सव मनाया जाएगा



**हरदा।** सद्गुरु ब्रह्म चैतन्य महाराज गोंदवलेकर द्वारा स्थापित श्री पट्टाभिराम मंदिर के 125 वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय रजत शताब्दी महोत्सव मनाया जाएगा। यह महोत्सव 7 से 9 नवंबर तक चलेगा। मंदिर समिति के व्यवस्थापक दिलीप गोडबोले ने बताया कि इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से दो हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उनके ठहरने, भोजन और पूजन की व्यवस्था को लेकर रविवार शाम एक बैठक में मंदिर से जुड़े सदस्यों को दायित्व सौंपे गए। महोत्सव का शुभारंभ 7 नवंबर को सुबह 5:30 बजे काकड़ा आरती के साथ होगा। इसके बाद सुबह 9 बजे अग्नि स्थापना, नवग्रह पूजन, मातृका पूजन और अग्नि आह्वान किया जाएगा। सुबह 10 बजे से विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ होगा, जबकि शाम को सामूहिक नाम जप और संध्या आरती होगी। रात्रि 8:30 से 10 बजे तक नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में राष्ट्रीय कीर्तनकार ऐवज भंडारे द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। 8 नवंबर को सुबह 7:30 से 10:30 बजे तक पट्टाभिराम मंदिर में यज्ञ आहुति कार्यक्रम आयोजित होगा। रात्रि में अभय माणके हिंदी और मराठी भाषाओं में रामायण के गीत गाएंगे। समापन 9 नवंबर को सुबह पूर्णाहुति के साथ होगा।

कच्छकड़वा पाटीदार भवन में 5 से 13 नवंबर को होगा आयोजन

# वृंदावन के वाचक मदनमोहन महाराज की श्रीराम कथा होगी



**हरदा।** देश विदेशों में श्रीराम कथा, भागवत पुराण एवं शिव महापुराण के 504 आयोजन पूर्ण कर चुके धर्म गुरु मदनमोहन महाराज की हरदा में राम कथा होना है। व्यासजी के नाम से पहचान बना चुके मदन मोहन महाराज पहली बार हरदा में श्रीराम कथा करने आ रहे हैं। महज ग्यारह वर्ष की अल्पायु में ही अध्यात्म से गहरे लगाव के चलते बनारस की संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की इकाई माधव संस्कृत महाविद्यालय गोवर्धन उत्तर प्रदेश से विद्याधन करते हुए 15 वर्ष की अल्पायु में जयपुर राजस्थान में अपनी प्रथम श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ कर चुके थे। वहीं गुरुकुल श्रीरामधाम महात्यागी आश्रम में गुरुजनों द्वारा प्राप्त शिक्षा और आर्शीवाद से भारत भ्रमण करते हुए कथावाचक व्यास जी के तौर पर अपनी अलग पहचान कायम कर चुके हैं। व्यास महाराज हरदा शहर में पहली बार ब्रह्मलीन मस्तराम बाबा त्यागी महाराज तपोभूमि आश्रम द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में आएंगे। उल्लेखनीय है कि हरदा स्थित ब्रह्मलीन मस्तरामदास त्यागी महाराज तपोभूमि आश्रम में पिछले देवशयनी एकादशी से अखंड सीताराम जाप चल रहे हैं। जिसकी पूर्णाहुति तथा ब्रह्मलीन मस्तराम बाबा की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय कच्छकड़वा पाटीदार भवन में आयोजित यह श्रीराम कथा आगामी 5 नवंबर से 13 नवंबर तक प्रतिदिन चलेगी।

कतिया समाज विकास महासभा की बैठक हुई

# अन्याय के खिलाफ लड़ाई को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कतिया समाज छात्रावास भवन में रविवार को कतिया समाज विकास महासभा मध्यप्रदेश की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष सोहन उमरिया ने की। इसमें समाज के नवीन भवन के लोकार्पण और कार्यकारिणी विस्तार जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति युवा संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवारे का स्वागत भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के नवीन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कार्यकारिणी का विस्तार और नवीन सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह भी भव्य तरीके से आयोजित करने की योजना है। समाज को एकजुट रखने और एकता को मजबूत करने के गांव-गांव में समिति पदाधिकारी बनाए जाएंगे। महासभा द्वारा सामाजिक स्तर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति युवा संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवारे का सम्मान किया गया। जिला मुख्यालय पर छात्रावास और हंडिया धर्मशाला में सामाजिक बंधुओं ने उनका स्वागत किया।

#### समाज की आवाज को मजबूती से बुलंद करने पर हुई बात

इस अवसर पर राहुल पवारे ने कहा कि वे अनुसूचित जाति और जनजाति समाज पर होने वाले अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में समाज की आवाज को मजबूती से बुलंद करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सोहन बिल्लौरे, सचिव महेश चौरसिया, संयुक्त सचिव सखाराम उमरिया, गणपत चौरसिया, डीके चौरे, वरिष्ठ समाजसेवी जेके चोलकर, नवीन देवहारे, कतिया समाज धर्मशाला समिति अध्यक्ष रामस्वरूप लखौरे, वरिष्ठ अधिवक्ता तुकाराम बिलारे, रामगोपाल आठनेरे, रामनारायण कुल्हारे, शिवदयाल कुल्हारे, अमरचंद दमाडे, गंगाविशन ओनकर, प्रमोद दमाडे, गोलू भंवरे, लक्ष्मण भैंसारे, रामचन्द्र झिंझोरे, उमाशंकर चौरे, सुनील चौरे, पुरूषोतम ओनकर, रामस्वरूप भैंसारे और माखन डावरे सहित कई अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

# कार्बाइड गन की बिक्री, खरीदी, उपयोग और भंडारण पर कलेक्टर ने लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जिले की सीमा के भीतर कार्बाइड गन के विक्रय, उपयोग तथा भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार पटाखों एवं विस्फोटक पदार्थों के साथ कार्बाइड गन का उपयोग जन-धन की हानि और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में कार्बाइड गन का विक्रय, खरीद, उपयोग एवं भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी प्रतिबंधनात्मक आदेशानुसार सीहोर जिले अंतर्गत प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) तैयार कर विक्रय किए जा रहे हैं। जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।